4 बारिश से मुख्य मार्ग पर गिरे विशाल पेड़





हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
29 जुलाई 2026
कूपन नं.
9


## खबर संक्षेप

### अधिकारी तय समय में करें कार्रवाई

**मनेंद्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संतन देवी जांगड़े की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय समय-सीमा की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं, मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों, सीएम हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, लोक सेवा गारंटी, सुशासन तिहार-2026, विकास कार्यों तथा विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आम नागरिकों से जुड़े प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### इंदिरा आवास को लेकर कलेक्टर शिकायत

**जनकपुर।** एमसीबी जिले के जनकपुर नगर पंचायत क्षेत्र में शासकीय इंदिरा आवास एवं उससे लगी सरकारी भूमि की कथित खरीद-फरोख्त का मामला सामने आने से प्रशासनिक हलकों में हलचल मच गई है। ग्राम कुंवरा निवासी गणेश तिवारी ने कलेक्टर, एमसीबी को लिखित शिकायत सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि जनकपुर के आवास पारा में वर्ष 1980 के दशक में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के गरीब एवं बेघर परिवारों के लिए शासन द्वारा इंदिरा आवास निर्मित कर आवंटित किए गए थे। आरोप है कि समय के साथ इनके आवासों तथा उनसे लगी सरकारी भूमि पर पहले अवैध कब्जा किया गया और बाद में स्टाम्प पेपर पर कथित तौर पर खरीद-बिक्री के दस्तावेज तैयार कर लेन-देन किया गया। शिकायतकर्ता ने अपने आवेदन के साथ कथित विक्रय-इकरारनामा की प्रतिलिपि भी साक्ष्य के रूप में संलग्न की है। यह शिकायत सुशासन तिहार-2026 के दौरान आवेदन क्रमांक-53 के रूप में दर्ज की गई है। अब सबकी निगाहें जिला प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं।

### चिकित्सा महाविद्यालय हेतु लोगो डिजाइन स्पर्धा

**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ ने अपनी संस्थागत पहचान को नई दिशा देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर लोगो डिजाइन प्रतियोगिता आयोजित करने की घोषणा की है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से ऐसा विशिष्ट और आकर्षक लोगो तैयार कराया जाएगा, जो चिकित्सा शिक्षा, उपचार, सेवा, करुणा, अनुसंधान तथा मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले की सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक पहचान को प्रभावी रूप से प्रदर्शित करे। प्रतियोगिता में देशभर के विद्यार्थी, चिकित्सक, नर्स, शिक्षक, पेशेवर डिजाइनर एवं अन्य इच्छुक नागरिक भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियाँ 27 जुलाई 2026 से आमंत्रित की गई हैं, जबकि प्रविष्टि जमा करने की अंतिम तिथि 12 अगस्त 2026 शाम 5 बजे निर्धारित की गई है। विजेता प्रतिभागी को 10,000 रुपए की पुरस्कार राशि तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। परिणाम महाविद्यालय की वेबसाइट पर घोषित किए जाएंगे।

---

**विश्व बाघ दिवस आज** | सबसे पहले मध्यप्रदेश से पहुंचे थे बाघ, फिर बना टाइगर रिजर्व, पर्यटन और रोजगार का बनेगा नया केंद्र

# गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व में बढ़ रहा बाघों का कुनबा

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले में स्थित गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान और तमोर पिंगला अभयारण्य को मिलाकर अधिसूचित गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व अब देश के 56वें टाइगर रिजर्व के रूप में अपनी अलग पहचान बना चुका है। क्षेत्रफल की दृष्टि से यह छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा तथा देश के प्रमुख बड़े टाइगर रिजर्वों में शामिल है।

वन विभाग का मानना है कि यह रिजर्व आने वाले वर्षों में न केवल बाघ संरक्षण का मजबूत केंद्र बनेगा, बल्कि कोरिया और एमसीबी जिले को राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर भी स्थापित करेगा। वन विभाग के अनुसार वर्तमान में टाइगर




रिजर्व क्षेत्र में नियमित चार से पांच बाघों की मौजूदगी के प्रमाण मिले हैं। इन बाघों के संरक्षण और सुरक्षित आवागमन के लिए प्राकृतिक कॉरिडोर उपलब्ध है। अधिकारियों द्वारा आधुनिक तकनीक, नियमित मॉनिटरिंग और सुरक्षा व्यवस्था के माध्यम से बाघों के रहवास को सुरक्षित रखने के साथ उनकी संख्या बढ़ाने की दिशा में योजनाबद्ध प्रयास किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ वर्ष पहले गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में बाघों के पदचिह्न और गतिविधियां सामने आने के बाद यह स्पष्ट हुआ कि मध्यप्रदेश के संजय नेशनल पार्क से बाघ प्राकृतिक कॉरिडोर के माध्यम से यहां पहुंचे हैं। इसके बाद केंद्र और राज्य सरकार ने गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान तथा तमोर पिंगला अभयारण्य को मिलाकर देश का 56वां टाइगर रिजर्व अधिसूचित किया। इसके साथ ही इस क्षेत्र को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली।

### बाघों का कुनबा बढ़ाने की तैयारी

वन विभाग के सूत्रों के अनुसार रिजर्व में बाघों की संख्या बढ़ाने के लिए उनके प्राकृतिक आवास को और बेहतर बनाया जा रहा है। कोर एरिया में सुरक्षा बढ़ाई गई है तथा शिकार प्रजातियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए चीतल जैसे वन्यजीवों को छोड़ा गया है। कैमरा ट्रैप, गश्त और आधुनिक निगरानी प्रणाली के जरिए बाघों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### सबसे लंबे प्राकृतिक कॉरिडोर में है शामिल

गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व की सबसे बड़ी विशेषता इसका लंबा प्राकृतिक टाइगर कॉरिडोर है। यह कॉरिडोर मध्यप्रदेश के संजय नेशनल पार्क से शुरू होकर एमसीबी, कोरिया, सूरजपुर और बलरामपुर होते हुए झारखंड के पलामू स्थित बेतला टाइगर रिजर्व तक फैला हुआ है। यह मार्ग बाघों के सुरक्षित आवागमन और उनके प्राकृतिक विस्तार के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है।

- गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व की प्रमुख विशेषताएं
- देश का 56वां टाइगर रिजर्व।
- क्षेत्रफल के आधार पर छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व।
- वर्तमान में 4-5 बाघों की मौजूदगी के प्रमाण।
- संजय नेशनल पार्क से बेतला टाइगर रिजर्व तक प्राकृतिक टाइगर कॉरिडोर।
- जंगल सफारी, होम-स्टे और ईको-टूरिज्म के माध्यम से स्थानीय रोजगार की व्यापक संभावनाएं।

### पर्यटन और स्थानीय रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

टाइगर रिजर्व बनने के बाद क्षेत्र में पर्यटन की व्यापक संभावनाएं भी बढ़ गई हैं। वन विभाग भविष्य में जंगल सफारी, होम-स्टे, नेचर ट्रेल और स्थानीय गाइड जैसी सुविधाएं विकसित करने की योजना पर काम कर रहा है। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा, ग्रामीणों की आय बढ़ेगी और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। यदि पर्यटन का योजनाबद्ध विस्तार होता है तो यह टाइगर रिजर्व बाघ संरक्षण के साथ-साथ कोरिया और एमसीबी जिले के विकास का नया आधार बन सकता है।

---

चार केंद्र बदहाल, 2 किराए के भवन में संचालित, बच्चों की सुरक्षा पर मंडरा रहा खतरा

# जर्जर आंगनबाड़ियों में भविष्य गढ़ने को विवश हैं मासूम







हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से महज सात किलोमीटर दूर स्थित नगर पालिका शिवपुर-चरचा की आंगनबाड़ियों की बदहाल स्थिति शासन के दावों की पोल खोल रही है। जहां एक ओर इन केंद्रों में नौनिहालों को शिक्षा, पोषण और संस्कार दिए जाने चाहिए, वहीं दूसरी ओर जर्जर भवन अब नशेड़ियों का अड्डा बनते जा रहे हैं। इससे बच्चों की सुरक्षा और उनके भविष्य पर गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

जानकारी के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र में कुल 12 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। इनमें से चार केंद्र पूरी तरह जर्जर अवस्था में हैं, जबकि दो केंद्र किराये के भवनों में संचालित किए जा रहे हैं। वर्षों से मरम्मत और नए भवन की मांग के बावजूद जिम्मेदार विभाग द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की गई है। सबसे खराब स्थिति वार्ड क्रमांक 9 के गुटरी दफाई आंगनबाड़ी केंद्र की है। यहां छत से लगातार पानी टपकता है, दीवारों का पलस्तर उखड़ चुका है और भवन की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इसी तरह मुर्गी दफाई, टीना दफाई और टीपलर दफाई के आंगनबाड़ी केंद्र भी बदहाली का शिकार हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन जर्जर भवनों में शाम ढलते ही असामाजिक तत्व और नशेड़ी डेरा जमाने लगते हैं। भवनों की देखरेख नहीं होने से यह स्थान नशाखोरी का अड्डा बनते जा रहे हैं। सुबह जब बच्चे आंगनबाड़ी पहुंचते हैं तो परिसर में शराब की बोतलें, गुटखा-तंबाकू के पाउच और अन्य गंदगी पड़ी मिलती है, जिससे अभिभावकों में भी चिंता बढ़ रही है।

आंगनबाड़ी सहायिकाओं ने बताया कि भवनों की जर्जर स्थिति और नशेड़ियों के जमावड़े की शिकायत कई बार महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। बरसात में छत टपकने और दीवारों से पलस्तर गिरने के कारण बच्चों को सुरक्षित बैठाना भी मुश्किल हो जाता है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास विभाग से मांग की है कि जर्जर आंगनबाड़ी भवनों का तत्काल निरीक्षण कर नए भवनों का निर्माण कराया जाए अथवा आवश्यक ⏭ शेष पेज 3 पर

### सुधार के नाम पर मिला केवल आश्वासन

वर्षों से केवल आश्वासन ही मिल रहे हैं, जबकि हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। बारिश के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। छत से पानी टपकने के कारण बच्चों को एक कोने से दूसरे कोने में बैठाना पड़ता है। कई जगह फर्श पर पानी भर जाता है, जिससे फिसलकर चोट लगने का खतरा बना रहता है। वहीं जर्जर दीवारों और छत के किसी भी समय भरभराकर गिरने की आशंका से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और अभिभावक हमेशा चिंतित रहते हैं।

### शासन-प्रशासन से हल की मांग

नगरवासियों ने कलेक्टर, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि सभी जर्जर आंगनबाड़ी भवनों का तत्काल तकनीकी निरीक्षण कराया जाए, नए भवनों के निर्माण के लिए बजट स्वीकृत किया जाए तथा तब तक बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए वैकल्पिक सुरक्षित भवनों में केंद्रों का संचालन सुनिश्चित किया जाए। लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन ने समय रहते ध्यान नहीं दिया तो किसी भी अप्रिय घटना की पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और प्रशासन की होगी।

---

# तीन गांवों में गिरी गाज दो की मौत, छह घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले के खड़गवां थाना क्षेत्र में सोमवार शाम अचानक बदले मौसम के बीच आकाशीय बिजली ने भारी तबाही मचा दी। शाम करीब पांच बजे शिवपुर, जिल्दा और कटकोना गांव में अलग-अलग स्थानों पर गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल है। सभी घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खड़गवां में जारी है।



मृतक।

- खड़गवां क्षेत्र में आकाशीय बिजली का कहर

सबसे बड़ा हादसा ग्राम पंचायत शिवपुर में हुआ, जहां खेत और खुले स्थान पर मौजूद लोगों पर अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। हादसे में कुंती पति मोरहर लाल (34 वर्ष) तथा मनीष पिता संत कुमार (15 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हरिचंद (65 वर्ष), जवानिया (65 वर्ष) और कुंती बाई (50 वर्ष), पति राघव प्रताप सहित अन्य लोग गंभीर रूप से झुलस गए।

इसी दौरान ग्राम जिल्दा में एक व्यक्ति तथा ग्राम पंचायत कटकोना में दो अन्य लोग भी आकाशीय बिजली की चपेट में आकर घायल हो गए। तीनों गांवों में कुल आठ लोग प्रभावित हुए, जिनमें दो लोगों की मौत हो गई, जबकि छह घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खड़गवां में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतकों के शवों का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है।

वहीं प्रशासन ने घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था कराई है और पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है। ग्रामीणों के अनुसार शाम के समय अचानक तेज गर्जना के साथ बारिश शुरू हुई। लोग खेतों और खुले स्थानों पर मौजूद थे, तभी कुछ ही पलों में आकाशीय बिजली गिरने से यह दर्दनाक हादसा हो गया। घटना के बाद मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और शिवपुर, जिल्दा तथा कटकोना गांव में मातम पसरा हुआ है।

---

# रहवासी इलाके में भालू के हमले से युवक

**डोमनहिल।** चिरमिरी नगर के डोमनहिल स्थित नीलचक्र स्कूल के पास रविवार को एक भालू ने अचानक एक युवक पर हमला कर दिया। हमले में विक्की पासवान पिता भूनेश्वर पासवान उम्र 28 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल चिरमिरी भेजा गया।

घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र में सर्चिंग अभियान चलाया। टीम ने सायरन बजाकर एवं अन्य उपाय अपनाकर भालू को रिहायशी इलाके से जंगल



की ओर खदेड़ दिया, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल कुछ हद तक शांत हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन दिनों चिरमिरी के कई रिहायशी इलाकों में भालुओं की आवाजाही लगातार बढ़ गई है। माना जा रहा है कि आसपास लगे पके हुए कटहल और ⏭ शेष पेज 3 पर

### दो ट्रकों से डेढ लाख का सामान चोरी

**बिश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सतपता में खड़े दो वाहनों से अज्ञात चोरों ने टायर, बैटरी और अन्य सामान चोरी कर लिया। पीड़ित वाहन स्वामी योगेन्द्र दुबे ने पुलिस को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार वाहन क्रमांक सीजी-15-एच-1969 एवं सीजी-15-एसी-4359 से 26 जुलाई की रात अज्ञात चोरों ने टायर, बैटरियां, जैक, व्हील पाना, जैक रॉड एवं बैटरी टर्मिनल सहित करीब डेढ़ लाख का सामान चोरी कर लिया गया है। घटना के बाद पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस को सौंपकर संदेही युवकों के नाम भी बताए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दिनभर झमाझम बारिश, शहर से गांव तक जलभराव

**बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में मंगलवार को सुबह से शुरू हुई झमाझम बारिश दोपहर तक लगातार जारी रही। सावन की शुरूआत 30 जुलाई से होने जा रही है, लेकिन उससे दो दिन पहले हुई मूसलाधार बारिश ने पूरे जिले को तरबतर कर दिया। कई घंटों तक लगातार हुई वर्षा से शहर की प्रमुख सड़कों, गलियों और मोहल्लों में जलभराव की स्थिति बन गई।

- धान रोपाई को मिली नई रफ्तार

नालियां उफान पर आ गईं और कई स्थानों पर उनका पानी सड़कों पर बहने लगा, जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह से हो रही तेज बारिश के कारण लोगों की



दैनिक दिनचर्या भी प्रभावित रही। बाजारों में चहल-पहल कम रही और जरूरी काम से निकलने वाले लोगों को भी भीगते हुए सफर करना पड़ा। दोपहर बाद बारिश थमने पर ही जनजीवन धीरे-धीरे सामान्य हो सका। लगातार हुई बारिश से जिले की नदियों और नालों में एक बार फिर तेज बहाव शुरू हो गया है। खेतों में भी पर्याप्त पानी भरने से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। हालांकि तेज बारिश के दौरान कुछ स्थानों पर धान रोपाई का कार्य अस्थायी रूप से प्रभावित हुआ, लेकिन बारिश थमते ही किसान दोबारा खेतों में उतर गए।

### खेती को मिला संजीवनी

बीते कुछ दिनों से जिले में बारिश की रफ्तार धीमी पड़ गई थी, जिससे किसान चिंतित थे और धान रोपाई का कार्य भी प्रभावित हो रहा था। अब मौसम प्रणाली के सक्रिय होने और अच्छी बारिश होने से खेती को नई संजीवनी मिली है। जिले के अधिकांश क्षेत्रों में किसान सुबह से ही परिवार के साथ खेतों में धान की रोपाई में जुटे हुए हैं, ताकि समय पर रोपाई का कार्य पूरा किया जा सके।

### किसानों के लिए राहत

अच्छी बारिश से खेतों में नमी बढ़ी है और जल स्रोतों में भी पानी की आवक तेज हुई है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि आने वाले दिनों में भी इसी तरह बारिश होती रही तो जिले में धान की फसल के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी रहेंगी और उत्पादन पर सकारात्मक असर पड़ेगा। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में किसान अब तेजी से रोपाई कार्य पूरा करने में जुट गए हैं।

---

# निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों के वितरण में आई तेजी, संकुल से स्कूलों को भेजी जा रहीं पुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

**खबर का असर**

कोरिया जिले के कई स्कूलों में नया शिक्षा सत्र शुरू होने के करीब 40 दिन बाद भी विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें नहीं मिलने के मामले को हरिभूमि ने 28 जुलाई के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद जिला शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया और अधिकारियों ने लंबित पुस्तक वितरण की प्रक्रिया को तेज करते हुए संकुलों में पुस्तकों की आपूर्ति एवं वितरण शुरू करा दिया।

जानकारी के अनुसार खबर प्रकाशित होने के बाद शिक्षा विभाग ने बैकुण्ठपुर जनपद के संकुल खरवत में निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों के भंडारण का फोटोग्राफ भी जारी किया। सूत्रों के मुताबिक शनिवार को पुस्तकों से भरा वाहन खरवत संकुल पहुंचा, जहां पुस्तकों का भंडारण किया गया। यहां से



संकुल से बांटे जा रहे पुस्तक।

संकुल के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विद्यालयों में पुस्तकों का वितरण किया जाएगा। शिक्षकों को पहले प्रत्येक पुस्तक की स्कैनिंग करनी होगी, जिसके बाद विद्यार्थियों को उनका वितरण किया जाएगा। हरिभूमि खबर के बाद विभागीय अधिकारियों ने तत्काल जानकारी जुटानी शुरू की कि किन-किन संकुलों और स्कूलों में पुस्तकें अब तक नहीं पहुंची हैं। खबर के बाद जिन संकुलों में पुस्तकें नहीं पहुंची थीं, वहां पुस्तकों की आपूर्ति शुरू कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार जिले के कुछ संकुलों के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों में अब भी कुछ कक्षाओं की निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें नहीं पहुंची हैं। छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के डिपो के माध्यम से संकुलों तक पुस्तकों की आपूर्ति की जा रही है, लेकिन वितरण प्रक्रिया अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हो सकी है। जबकि शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले विभाग ने दावा किया था कि स्कूल खुलते ही सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करा दी जाएंगी।

16 हजार से अधिक विद्यार्थी है पंजीकृत-

शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में चालू शिक्षा सत्र में 16,917 विद्यार्थी दर्ज हैं। प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक स्तर की कई कक्षाओं के पाठ्यक्रम में पिछले वर्ष तथा इस वर्ष बदलाव किया गया है। ऐसे में नई पुस्तकों का समय पर वितरण नहीं होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। अब विभाग ने वितरण प्रक्रिया तेज कर दी है, लेकिन पूरी व्यवस्था सामान्य होने तक हजारों विद्यार्थियों को पूरी तरह पुस्तकों का लाभ मिलने का इंतजार रहेगा।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर ओआरएस जिंक कॉर्नर होंगे स्थापित




डायरिया रोकथाम अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करतीं कलेक्टर।

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर रोक्तिमा यादव के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में 1 जुलाई से 31 अगस्त तक जिले में डायरिया रोकथाम अभियान का आयोजित किए जाएंगे।

देश में डायरिया आज भी बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ी एक गंभीर समस्या है, विशेष कर 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में डायरिया के कारण - बीमारी और मृत्यु का खतरा अधिक रहता है। डायरिया की रोकथाम, समय पर उपचार, स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल एवं जन जागरूकता के लिए सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रत्येक 5 वर्ष ⏭ शेष पेज 3 पर



# चौहान में नजर आएंगे विक्रांत, अजय को देंगे टक्कर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की अपकमिंग फिल्म 'चौहान' बीते दिनों अपनी पहली झलक के साथ ही काफी चर्चा में रही थी। इसे दर्शकों ने सोशल मीडिया पर जबरदस्त प्यार दिया था। वहीं अब ये फिल्म एक बार फिर से चर्चा में आ गई है। दरअसल, अब इसमें अभिनेता विक्रांत मैसी की एंट्री की खबरें हैं जो दर्शकों का दिल अपनी शानदार फिल्म '12वीं फेल' से जीत चुके हैं। सूत्र ने बताया कि आनंद एल राय ने अजय की चौहान के लिए एक ग्रे शेड वाले किरदार में विक्रांत को साइन किया है। फिल्म में विक्रांत मैसी सुपरस्टार अजय देवगन से टक्कर लेते हुए नजर आएंगे।

## लाइफ Style

# भूमि
## छत्रपति शिवाजी महाराज में हुई एंट्री

साल 2022 में कांतारा और 2025 में कांतारा चैप्टर 1 से तहलका मचाने वाले दक्षिण भारतीय अभिनेता ऋषभ शेट्टी अपनी अगली फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। 'द प्राइड ऑफ भारत: छत्रपति शिवाजी महाराज' के नाम से रिलीज होने वाली इस फिल्म में ऋषभ, शिवाजी महाराज के किरदार में नजर आएंगे।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अब इस फिल्म से जुड़ एक नया अपडेट सामने आया है। फिल्म में अभिनेत्री भूमि पेडनेकर की भी एंट्री हो गई है। सोमवार को मेकर्स ने इसकी घोषणा की। फिल्म में भूमि पेडनेकर वॉरियर क्वीन बेलवाडी मल्लम्मा का किरदार निभाएंगी। मल्लम्मा एक निडर योद्धा रानी थीं, जिन्हें उनकी बहादुरी और अटूट जज्बे के लिए याद किया जाता है। बेलवाड़ी मल्लम्मा ने देश की पहली महिला सैनिक टुकड़ी का गठन किया था। ऐसा करने वाली वह पहली रानी थीं। कहा जाता है कि वो अपने चार माह के बेटे को गोद में लेकर शिवाजी महाराज की सेना से युद्ध लड़ी थीं। स्टार कास्ट : ऋषभ शेट्टी, भूमि पेडनेकर, शेफाली शाह, अर्जुन रामपाल और विवेक ओबेराय। निर्देशक और निर्माता : संदीप सिंह। बजट : 500 करोड़ से ज्यादा के बजट में दो भाग बनाए जाएंगे। अगले साल जनवरी तक पहला भाग रिलीज किया जा सकता है। क्रू : इंटरनेशनल एक्शन को-ऑडिनेटर्स, जो गेम ऑफ थ्रोल और द विचर में काम कर चुके हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कंपोजर अमित त्रिवेदी फिल्म को म्यूजिक देंगे वहीं गीत प्रसून जोशी लिखेंगे। फिल्म की कहानी ऋषि विरमानी ने लिखी है, जिसे मेकर्स दो भागों में रिलीज करेंगे।



## हॉलीवुड मसाला




# स्पाइडर-मैन ... 30 को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** कुछ ही दिनों में स्पाइडर-मैनः ब्रैंड न्यू डे सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है और फैंस के बीच उत्साह अपने चरम पर है। स्पाइडर-मैनः नो वे होम की भावुक घटनाओं के बाद टॉम हॉलैंड (एक बार फिर अपने लोकप्रिय किरदार पीटर पार्कर के रूप में लौट रहे हैं। यह फिल्म पीटर पार्कर की जिंदगी के एक बिल्कुल नए अध्याय की शुरुआत करेगी। सोनी पिक्चर्स एंटरटेनमेंट इंडिया स्पाइडर-मैनः ब्रैंड न्यू डे को 30 जुलाई को भारतभर के सिनेमाघरों में रिलीज करेगी।



# मैडोना का लंदन वाला पुराना घर किराए पर उपलब्ध...

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में अपने नए गानों को लेकर चर्चा में रहने वाली मशहूर पॉप सिंगर मैडोना का एक पुराना घर इन दिनों फिर सुर्खियों में है। लंदन के साउथ केंसिंग्टन इलाके में स्थित यह शानदार घर अब किराए के लिए उपलब्ध है। खास बात यह है कि कभी यह घर कभी मैडोना और उनके एक्स हसबैंड फिल्म निर्देशक गाय रिची का आशियाना हुआ करता था। इस घर की पहचान सिर्फ मैडोना से ही नहीं जुड़ी है। साल 2004 में आई क्राइम थ्रिलर फिल्म 'लेयर केक' की शूटिंग भी यहां हुई थी। फिल्म में डैनियल क्रेग के किरदार का लंदन वाला घर इसी प्रॉपर्टी को बनाया गया था। यह वही फिल्म थी, जिसके बाद डैनियल क्रेग को जेम्स बॉन्ड की भूमिका मिलने का रास्ता खुला। क्वीन्स गेट म्यूज़ में बना यह दो बेडरूम वाला घर बाहर से बेहद साधारण दिखाई देता है।



# मां को समर्पित किया बंटवारा 1947 का ट्रेलर

**मुंबई।** सनी देओल इन दिनों फिल्म 'बंटवारा 1947' की रिलीज को लेकर चर्चा में हैं। सनी देओल ने इंस्टाग्राम पर मां के साथ फोटो शेयर कर करते हुए इमोशनल पोस्ट शेयर की है और फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट रिवील की है। उन्होंने केवल मां ही नहीं, बल्कि देश भर की मां को इस फिल्म के ट्रेलर को समर्पित कर दिया। एक्टर ने मां के साथ फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'मेरी मां ही मेरा रब हैं। मेरा प्यार, मेरा हौसला, मेरी ताकत. बंटवारा 1947 में अपनी मां और दुनिया की हर मां को समर्पित करता हूं।' इसके साथ ही सनी देओल ने पोस्ट के आखिरी में 'बंटवारा 1947' के ट्रेलर रिलीज का भी ऐलान किया और जानकारी दी कि इस फिल्म का ट्रेलर 28 जुलाई को रिलीज किया जाएगा। 'बंटवारा 1947' की कहानी भारत और पाक के बंटवारे की पृष्ठभूमि पर बुनी गई है।



# आदर्श कुटुंबम की पहली झलक आई सामने

**नई दिल्ली।** संक्रांति वास्तुनाम की अपार सफलता के बाद अब साउथ सिनेमा के दिग्गज अभिनेता दग्गुबाती वेंकटेश बड़े पर्दे पर वापसी करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म का नाम आदर्श कुटुंबम- हाउस नंबर 47 है। इस फिल्म का पहला टीजर सामने आ गया है, साथ ही मेकर्स की तरफ से फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान भी किया गया है, जिससे कहीं न कहीं बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन की बहुचर्चित फिल्म दृश्यम 3 की टेंशन बढ़ सकती है। दग्गुबाती की आदर्श कुटुंबम का डायरेक्सन त्रिविक्रम श्रीनिवास ने किया है, जो बतौर फिल्ममेकर सुपरस्टार महेश बाबू और श्रीलीला स्टारर गुंटूर कारूम की असफलता के 2 साल बाद वापसी कर रहे हैं। आदर्श कुटुंबम में वेंकटेश के अलावा केजीएफ फिल्म फेम अदाकारा श्रीनिधी शेट्टी भी अहम भूमिका में मौजूद हैं।

## टीवी मसाला

# लाफ्टर शेफ के तीसरे सीजन के विनर रहे अली और जन्नत

**नई दिल्ली।** ओटीटी पर छाए रहने वाला शो लाफ्टर शेफ अब खत्म हो चुका है और इसके साथ ही हमारे पास तीसरे सीजन के विनर्स के नाम भी आ चुके हैं और जैसा कि शुरुआत से ही क्लियर था टीवी स्टार्स अली गोनी और जन्नत जुबैर सबसे ज्यादा स्टार्स के साथ शो के विनर रहे। अली गोनी के कॉन्फिडेंस और जन्नत की सीखने की ललक ने उन्हें एक बेस्ट जोड़ी के तौर पर उभारा और उनका यही बॉन्ड उन्हें कई मुश्किल चैलेंजेस में भी मददगार साबित हुआ। ग्रैंड फिनाले का सेलिब्रेशन कुछ और खास हो गया जब रोहित शेट्टी अपने शो 'खतरों के खिलाड़ी' के कंटेस्टेंट्स के साथ इस शो के सेट पर पहुंचे। इसके कई क्लिप्स सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। शो में विनर बनने को लेकर जब जन्नत से बात की गई तो उन्होंने कहा, लाफ्टर शेफ एक यूनीक शो है जहां केवल एक विनर या एक विनिंग टीम नहीं होती। अली और मैंने ट्रॉफी जरूर उठाई है, लेकिन मुझे लगता है कि इस शो से जुड़ा हर एक शख्स विनर है. हमने साथ में बहुत इंजॉय किया है, हंसे हैं, बहुत कुछ सीखा है, साथ होने का अहसास अपने आप में इस सफर को बहुत खास बनाता है। कलर्स पर टेलीकास्ट होने वाला ये शो ओटीटी प्लैटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर काफी हॉट प्रॉपर्टी रहा है।




## क्योंकि सास भी कभी बहू थी में होगा हंगामा

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस से सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी में लीप के ट्विस्ट के बाद नया बवाल होता दिखने वाला है। दरअसल, जब विरानी परिवार दो शादियों की तैयारियों में जुटा है, तभी एक ऐसा चेहरा वापस लौटने वाला है जो सब कुछ बदल सकता है। क्योंकि सास भी कभी बहू थी में सुवर्णा झा पूरे 18 साल बाद एक बार फिर त्रिप्ती विरानी बनकर लौट रही हैं। त्रिप्ती वही किरदार है जिसने कभी अपने अंदाज, चालाकी और फैसलों से पूरे विरानी परिवार की जिंदगी बदल दी थी। अब उनकी वापसी के साथ एक बार फिर दर्शकों को त्रिप्ती और तुलसी की सबसे यादगार टक्कर देखने को मिलेगी। ऐसे में परिवार के पुराने रिश्ते फिर से कसौटी पर होंगे और कहानी एक नए मोड़ की ओर बढ़ेगी। सुवर्णा झा ने कहा, 18 साल बाद एक बार फिर त्रिप्ती का किरदार निभाना मेरे लिए किसी सपने जैसा है। इस वापसी के साथ जितनी खुशी है, उतनी ही घबराहट भी, क्योंकि दर्शक आज भी मुझे त्रिप्ती के रूप में याद करते हैं, न कि आज की सुवर्णा के रूप में।



# न सुर, न ताल, फिर भी शादियों की शान है 15 साल पुराना गाना

**नई दिल्ली।** जब कोई गाना बनता है तो उसके पीछे गायक, गीतकार और संगीतकार का होता है। गीतकार, गाने के बोल लिखता है, संगीतकार धुनें बनाता है और गायक उसे अपनी आवाज में इसे लोगों के दिलों में उतारता है। यूं तो बिना किसी गायक के, कोई गाना बन नहीं सकता है, लेकिन 15 साल पहले यह मुमकिन हुआ था। जी हां, 15 साल पहले एक गाना बना था, जिसमें किसी गायक ने आवाज नहीं दी थी। फिर भी कल्ट गाना आज हर किसी की जुबां पर रहता है। इस गाने को शादी-पार्टी में लूप पर बजाया जाता और कमर लचकाई जाती है। भले ही इस गीत को बने डेढ़ दशक हो गया लेकिन क्रेज खत्म नहीं हुआ।

***शादी-पार्टी में खूब बजता है गाना :*** यह गीत कोई और नहीं, फिल्म देव डी का 'इमोशनल अत्याचार' है। इस गाने को ब्रास बैंड वर्जन में तैयार किया गया था। इस गाने को जिसने गाया था, उन्होंने डर के मारे एक फिक्शनल नाम इस्तेमाल किया था, ताकि लोगों को पता न चल सके कि आवाज के पीछे कौन है।



***अनुराग ने दिया था आइडिया :*** जी हां, उन्होंने खुलासा किया था कि इस गीत को आखिर किसने आवाज दी थी। आपको जानकर हैरानी होगी कि इस गीत को किसी और नहीं ने नहीं, बल्कि गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य और संगीतकार अमित त्रिवेदी ने गाया था। अमित त्रिवेदी ने इस बारे में बताता था- अनुराग कश्यप चाहते थे कि गाना एक खास तरह का हो। यह उनका विजन था। 'इमोशनल अत्याचार' शब्द उन्हीं का था और इसे शादी में बजने वाले ब्रास बैंड स्टाइल में करने का आइडिया भी उन्हीं का था। मैंने बस उनके विजन और प्लान को हकीकत में बदला। जब अमिताभ और मैं यह गाना बना रहे थे तो हमने सोचा कि अनुराग को यह दिखाने के लिए कि हम क्या कर रहे हैं, पहले हम खुद ही यह गाना गाएंगे।

# भोजपुरी बवाल से चिन्ना चिन्ना आसई तक
## इस वीक ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** सिनेमाघरों में 'द ओडिसी' का हल्ला है। विजय की 'जन नायकन' (हिंदी में 'जन नेता') भी है। इसके अलावा कई और फिल्मों के विकल्प हैं। वहीं, इस वीक हॉलीवुड फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' से लेकर बॉलीवुड की 'आवारापन 2' तक रिलीज हो रही हैं। हर तरफ एंटरटेनमेंट के शानदार विकल्प हैं। मगर, सोमवार से शुरू हुए इस नए सप्ताह में ओटीटी पर भी कई खास देखने को मिलेगा।

***द लीजेंड ऑफ कर्ण :*** यह महाभारत के योद्धा कर्ण के जीवन पर बनी एक एनिमेटेड वेब सीरीज है। यह सीरीज 31 जुलाई को दस्तक देगी। 'द लीजेंड ऑफ कर्ण' को रद देवराजन और जीवन जे कांग ने बनाया है। इस सीरीज में महाभारत के वीर योद्धा कर्ण के जन्म, संघर्ष और महान धनुर्धर बनने की गाथा दिखाई जाएगी। पौराणिक विषय पर बनी सीरीज सोनीलीव पर स्ट्रीम होगी।

***हार्ट बीट सीजन 3 :*** चर्चित तमिल मेडिकल ड्रामा वेब सीरीज का तीसरा पार्ट भी इस वीक रिलीज की कतार में है। 'हार्ट बीट सीजन 3' सीरीज 30 जुलाई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। सीरीज के इस सीजन में रीना 'रीना 2.0' के रूप में नजर आएगी। यह सीजन रीना की जिंदगी और उसके एएम हॉस्पिटल में जाने की कहानी पर आधारित है। इसमें नए इंटर्न, रोमांस और अस्पताल की राजनीति को दिखाया जाएगा।

***द डेविल वियर्स प्राडा 2 :*** यह अमेरिकी कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। यह फिल्म इस साल मई में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और अब ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। डेविड फ्रैंकल निर्देशित यह फिल्म 29 जुलाई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इसमें एनी हैथवे, मेरिल स्ट्रीप, स्टेनली टोक्सी और सिमोन ऐश्ली जैसे सितारे हैं।

***चिन्ना चिन्ना आसाई :*** यह मलयालम ड्रामा फिल्म है। यह 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और अब ओटीटी पर आने वाली है। चिन्ना चिन्ना आसाई 28 जुलाई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

***भोजपुरी बवाल :*** इस वीक ओटीटी पर बवाल होने जा रहा है। दरअसल, शो 'भोजपुरी बवाल' शुरू हो रहा है। यह नया भोजपुरी रियलिटी एंटरटेनमेंट शो है, जिसमें पवन सिंह, दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे मुख्य कलाकार हैं। शो 2 अगस्त से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगा।





## 1973 में हुई थी रिलीज, गाने हुए थे काफी पॉपुलर
# एक थियेटर में 590 दिन तक चली थी अमिताभ की ये फ्लॉप फिल्म

***नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन और जया बच्चन कुछ गिनती की ही फिल्मों में साथ नजर आए हैं। इनमें गुड्डी, चुपके चुपके, सिलसिला, शोले...कुछ और नाम शामिल हैं। आप कह रहे होंगे ये तो बड़ी ही चर्चित फिल्में रही हैं। इन्हीं में से एक थी अभिमान। ये फिल्म भारत में तो खास नहीं चली, लेकिन इसके गाने काफी पॉपुलर हुए थे। इनमें तेरे मेरे मिलन की ये रैना, पिया बिना बिना जैसे क्लासिक शामिल हैं। 27 जुलाई 1973 को रिलीज हुई इस फिल्म को रिलीज हुए 53 साल हो गए हैं। 53 साल पहले आई ये फिल्म भारत में अमिताभ बच्चन और जया बच्चन के लिए नुकसान का सौदा साबित हुई थी। क्योंकि, दोनों ने इसमें इन्वेस्टमेंट की थी और रिटर्न के नाम पर नुकसान ही मिला था। इस फिल्म को एएमआईवीए नाम के प्रोडक्शन हाउस तले रिलीज किया गया था। एएमआई मतलब अमिताभ और वीए मतलब जया। जाहिर है इस प्रोजेक्ट से काफी उम्मीदें थीं लेकिन नतीजे वैसे नहीं रहे।*



### भारत में फ्लॉप और विदेश में सुपर हिट

अमिताभ बच्चन और जया बच्चन की जोड़ी का करिश्मा भारत में नहीं चल पाया, लेकिन श्रीलंका में हल्ला बोल गया। ये फिल्म वहां बड़ी हिट साबित हुई और आपका जानकर हैरानी होगी कि कोलंबो के एम्पायर सिनेमा में ये फिल्म 590 दिन तक चली थी। इस लंबी पारी से आप वहां अमिताभ बच्चन की फैन फॉलोइंग का अंदाजा लगा सकते हैं। जिस फिल्म को भारत में पसंद नहीं किया गया वह श्रीलंका में दर्शकों की पहली पसंद बनी। इस फिल्म से जुड़ा एक और दिलचस्प फैक्ट ये है कि पहले इसे 'राग रागिनी' नाम दिया रहा था, लेकिन बाद में अभिमान ही फाइनल किया गया।

### किशोर कुमार की जिंदगी से इंस्पायर्ड थी फिल्म!

फिल्म मेकर ऋषिकेश मुखर्जी ने एक बार कहा था कि ये फिल्म किशोर कुमार और उनकी पत्नी रूमा गुहा ठाकुर्ता के टूटते रिश्ते से प्रेरित थी। इसके अलावा इस फिल्म को 'ए स्टार इज बॉर्न' का रीमेक भी बताया जाता है। बता दें जिस वक्त इस फिल्म की शूटिंग शुरू हुई उस वक्त जया भादुड़ी टॉप एक्ट्रेस हुआ करती थीं और जबतक फिल्म पूरी हुई अमिताभ बच्चन।

## खबर संक्षेप



### सेजेस भरतपुर अलंकरण समारोह

**जनकपुर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (सेजेस) भरतपुर में शनिवार को गरिमामय वातावरण में अलंकरण (इन्वेस्टिचर) समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के नव-निर्वाचित छात्र पदाधिकारियों को नेतृत्व, अनुशासन एवं उत्तरदायित्व की शपथ दिलाकर उन्हें बैज एवं सैश प्रदान किए गए। समारोह के मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं विद्यालय के पालक अधिकारी सच्चिदानंद साहू ने छात्र पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि नेतृत्व केवल पद प्राप्त करना नहीं, बल्कि सेवा, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और उत्तरदायित्व का निर्वहन करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से नेतृत्व क्षमता विकसित करने, अनुशासन का पालन करने, विद्यालय की गरिमा को बनाए रखने तथा कठिन परिश्रम के माध्यम से उत्कृष्ट परिणाम अर्जित करने का आह्वान किया। साथ ही नव-निर्वाचित छात्र पदाधिकारियों को उनके दायित्वों के सफल निर्वहन के लिए शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक-1 की पार्षद मालती तिवारी, विद्यालय के विधायक प्रतिनिधि महेंद्र सेन, विद्यालय के प्राचार्य दीपक सिंह बघेल, समस्त शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता शबनम बेबी एवं सहायक शिक्षक राकेश सोनी ने किया। अंत में विद्यालय के प्राचार्य दीपक सिंह बघेल ने सभी अतिथियों, शिक्षकगण, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नव-निर्वाचित छात्र पदाधिकारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### एफसीआई गोदाम बना नशेड़ियों का अड्डा

**मनेंद्रगढ़।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 11 स्थित एफसीआई गोदाम परिसर इन दिनों नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बनने लगा है। स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि दिन और रात के समय यहां बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर नशा करते हैं, जिससे पूरे क्षेत्र का वातावरण खराब हो रहा है और आम नागरिकों, विशेषकर महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों में भय का माहौल बना हुआ है। रहवासियों के अनुसार गोदाम परिसर में सुनसान होने का लाभ उठाकर असामाजिक तत्व घंटों तक डेरा जमाए रहते हैं। कई बार नशे की हालत में आपस में विवाद और शोर-शराबा भी होता है, जिससे आसपास रहने वाले परिवारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शाम ढलते ही लोगों का इस क्षेत्र से गुजरना भी असुरक्षित महसूस होने लगा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या की जानकारी कई बार संबंधित अधिकारियों और पुलिस को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी कार्रवाई नहीं की गई है। समय-समय पर पुलिस की मौजूदगी दिखती है, किंतु नियमित निगरानी के अभाव में स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है। रहवासियों ने मांग की है कि एफसीआई गोदाम परिसर में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में कोई अप्रिय घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

### छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

**मनेंद्रगढ़।** जिले में बालिकाओं की सुरक्षा, आत्मविश्वास और जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए अनुसूचित जाति कन्या माध्यमिक शाला रापाखेड़ा में आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा करने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा अपने संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना था। यह कार्यक्रम कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संतान देवी जांगड़े के निदेर्शानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह का विशेष सहयोग रहा। संपूर्ण आयोजन का संचालन जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र हब महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला मिशन समन्वयक तारा कुशवाहा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं को आत्मरक्षा के व्यावहारिक उपायों के साथ-साथ वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने की सीख दी गई। पुलिस विभाग के अधिकारियों ने छात्राओं को ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, साइबर बुलिंग, फर्जी कॉल एवं डिजिटल धोखाधड़ी से बचने के प्रभावी उपायों की जानकारी दी तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना संबंधित एजेंसियों को देने की सलाह दी।

दो बच्चे बाल-बाल बचे सूझबूझ से टला बड़ा हादसा, सूचना मिलते ही नपा ने जेसीबी से हटवाया पेड़

# बारिश से मुख्य मार्ग पर गिरे विशाल पेड़





हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी

कोयलांचल क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच मंगलवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। नगर पालिका शिवपुर-चरचा के मुख्य मार्ग पर बेंकर के समीप दो विशाल पेड़ अचानक सड़क पर गिर पड़े, जिससे मुख्य मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया।

सड़क बंद होने से राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शी एवं सीएचपी में कार्यरत ललिता सिंह यादव ने बताया कि घटना के समय दो बच्चे पैदल मुख्य मार्ग से गुजर रहे थे। अचानक पेड़ गिरने की तेज आवाज सुनते ही उन्होंने जोर से आवाज लगाकर बच्चों को सावधान किया। चेतावनी मिलते ही दोनों बच्चे दौड़कर सुरक्षित स्थान पर पहुंच गए। यदि कुछ पल की भी देरी होती तो दोनों बच्चे पेड़ की चपेट में आ सकते थे और बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की जानकारी ललिता सिंह यादव ने पत्रकार अंकित अग्रवाल को दी।

सूचना मिलते ही पत्रकार ने तत्काल नगर पालिका शिवपुर-चरचा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा को पूरे मामले से अवगत कराया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने तत्काल सफाई निरीक्षक हरीश जायसवाल को अवरुद्ध मार्ग को शीघ्र खाली कराने के निर्देश दिए।निर्देश मिलते ही नगर पालिका की टीम उत्तम ने जेसीबी मशीन के साथ मौके पर पहुंचा और कड़ी मशक्कत के बाद सड़क पर गिरे दोनों विशाल पेड़ों को हटाकर यातायात सुचारु कराया। समय पर की गई कार्रवाई से लोगों ने राहत की सांस ली और नगर पालिका प्रशासन की तत्परता की सराहना की। लगातार हो रही बारिश के कारण क्षेत्र में पुराने एवं कमजोर पेड़ों के गिरने का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका से सड़क किनारे स्थित जर्जर पेड़ों का सर्वे कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से जनहानि की आशंका न रहे। इस घटना के बाद कुछ समय तक मुख्य मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। कार्यालय आने-जाने वाले कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं और आम नागरिकों को वैकल्पिक मार्ग का सहारा लेना पड़ा।




# साइंस लर्निंग सेंटर में प्रयोगों के जरिए विज्ञान सीख रहे छात्र

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी

विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण सोच और नवाचार की भावना विकसित करने के उद्देश्य से सेजेस चरचा स्थित साइंस लर्निंग सेंटर में शनिवार को ₹लर्निंग साइंस थ्रू एक्सपेरिमेंट₹ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों को प्रयोगों के माध्यम से समझा और वैज्ञानिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। साइंस लर्निंग सेंटर के प्रभारी कमल डडसेना ने बताया कि जिले के 13 विद्यालयों में जिला शिक्षा विभाग एवं ब्रेकथ्रू साइंस सोसाइटी कोरिया के संयुक्त तत्वावधान में साइंस लर्निंग सेंटर संचालित किए जा रहे हैं। इन केंद्रों में प्रत्येक शनिवार अतिरिक्त गतिविधि के रूप में विद्यार्थियों को विज्ञान के रोचक एवं व्यावहारिक प्रयोग कराए जाते हैं, जिससे उनमें विज्ञान के प्रति रुचि, जिज्ञासा और खोजपरक सोच विकसित हो रही है। इस सप्ताह आयोजित गतिविधि में विद्यार्थियों को चुंबकों (मैग्नेट्स) के गुण, कार्यप्रणाली और दैनिक जीवन में उनके उपयोग से जुड़े विभिन्न प्रयोग कराए गए। प्रयोगों के माध्यम से विद्यार्थियों ने चुंबकीय आकर्षण और प्रतिकर्षण जैसे वैज्ञानिक सिद्धांतों को सरल एवं रोचक तरीके से समझा। कमल डडसेना ने कहा कि प्रयोग आधारित विज्ञान शिक्षा विद्यार्थियों को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं रखती, बल्कि उनमें वैज्ञानिक सोच विकसित करती है। इससे समाज में व्याप्त अंधविश्वास, कुरीतियों और रूढ़िवादी सोच को दूर करने में भी मदद मिलती है तथा वैज्ञानिक चेतना से परिपूर्ण समाज के निर्माण की दिशा में सकारात्मक पहल होती है। उन्होंने बताया कि सेजेस चरचा में विज्ञान प्रयोगों के अलावा प्रत्येक शनिवार डिजिटल क्लास, स्पोकन इंग्लिश, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताएं और गतिविधि आधारित शिक्षण भी नियमित रूप से संचालित किए जाते हैं, ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके।

# सामाजिक समरसता का बनेगा जनआंदोलन- भईयालाल



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय, नई दिल्ली द्वारा संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रव्यापी ₹समरसता संकल्प अभियान₹ की घोषणा के संबंध में बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े ने संबोधित करते हुए अभियान की विस्तृत जानकारी दी। विधायक श्री राजवाड़े ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा 29 जुलाई 2026 (आषाढ़ पूर्णिमा) से 20 फरवरी 2027 (माघ पूर्णिमा) तक देशभर में ₹समरसता संकल्प अभियान₹ संचालित किया जाएगा। यह अभियान राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला, मंडल एवं नगर स्तर तक व्यापक रूप से आयोजित होगा, जिसका उद्देश्य संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज के समता, सामाजिक न्याय, सेवा, सद्भाव, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रीय एकता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने इस अभियान का शुभारंभ करते हुए सभी संत-महात्माओं, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकतार्ओं तथा समाज के सभी वर्गों से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया है। विधायक राजवाड़े ने बताया कि राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने अपने उद्बोधन में कहा कि संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज किसी एक समाज के संत नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के महान पथप्रदर्शक थे। उनका ₹बेगमपुरा₹ का दर्शन सामाजिक समानता, सम्मान और भेदभावमुक्त समाज की प्रेरणा देता है।




# सरभोका में एनएसएस का पौधारोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज, बैकुण्ठपुर

पर्यावरण संरक्षण, हरियाली को बढ़ावा देने तथा ₹एक पेड़ मां के नाम 3.0₹ अभियान के तहत के.बी. पटेल महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा गोद ग्राम सरभोका के पंचायत भवन परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधे रोपित कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने श्रमदान करते हुए गड्ढे खोदे और पंचायत भवन परिसर में पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम अधिकारियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उनकी नियमित देखरेख, सिंचाई और सुरक्षा सुनिश्चित करना भी है। इसके लिए सभी रोपित पौधों की जिम्मेदारी एनएसएस स्वयंसेवकों को सौंपी गई है, ताकि वे स्वस्थ रूप से विकसित हो सकें। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि पौधारोपण जैसी गतिविधियां पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करती हैं। पंचायत भवन परिसर में लगाए गए पौधे भविष्य में क्षेत्र की हरियाली बढ़ाने के साथ ग्रामीणों को स्वच्छ और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने में भी सहायक होंगे। कार्यक्रम में ग्राम सरभोका की सरपंच मंतीबाई, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी कपिल देव कुर्रे सहित एनएसएस इकाई के सभी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहे।

# विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

न्यू लाईफ हेल्थ एण्ड एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में विश्व हेपेटाइटिस दिवस के उपलक्ष्य में संस्था संचालक डॉ. प्रिंस जायसवाल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में नर्सिंग छात्र-छात्राओं एवं फैकल्टी तरूण कुशवाहा के द्वारा स्वास्थ्य प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। सातवां सेमेसटर के छात्र-छात्राओं द्वारा विष्व हेपेटाइटिस दिवस पर जिला अस्पताल बैकुंठपुर में स्वास्थ्य शिक्षा का आयोजन किया गया। इस वर्ष हेपेटाइटिस दिवस का थीम लेट्स ब्रेक इट डाउन अर्थात हेपेटाइटिस की रोकथाम, जांच और उपचार से जुड़ी बाधाओं को दूर करना इस थीम का लक्ष्य वर्ष 2030 तक वायरस हेपेटाइटिस को एक सार्वजनिक स्वास्थ खतरे के रूप में समाप्त करना है।

यह संदेश दिया गया हर किसी के लिए बिना किसी भेदभाव के इलाज और जांच को आसान बनाना संभव है। हेपेटाइटिस के बारे में जनसमुदाय में जागरुकता बढ़ाने और इसके रोकथाम के लिए हेपेटाइटिस बी वायरस (एचबीवी) के खोजकर्ता नोवेल-पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक डॉ. बारुक ब्लमबर्ग, जिन्होने वायरस के लिए एक नैदानिक परीक्षण और टीका विकसित किया था, उनके जन्मदिवस के अवसर पर सम्मान देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया जाता है। विश्व हेपेटाइटिस दिवस के उपलक्ष्य में न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम के माध्यम से हेपेटाइटिस की जानकारी लोगों को प्रदान की तथा हेपेटाइटिस के कारण, लक्षण, प्रकार से उन्हे अवगत कराया। हेपेटाइटिस एक लीवर में होने वाली संक्रमण बीमारी है, हेपेटाइटिस वायरस मुख्यतः पाँच प्रकार के होते हैं। हेपेटाइटिस ए और इ दूषित भोजन के कारण होते हैं। हेपेटाइटिस बी, सी और डी, एचआईवी की ही तरह संक्रमित रक्त और शरीर के संक्रमित द्रवों से फैलते है।

# विधायक के हाथों विद्यार्थियों को मिली साइकल



हरिभूमि न्यूज. सोनहत

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, सोनहत में सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र की विधायक एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। विद्यालय परिवार एवं छात्राओं ने पारंपरिक तिलक लगाकर उनका आत्मीय स्वागत किया। इसके पश्चात उन्होंने पात्र छात्राओं को साइकिल वितरित की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह एवं उल्लास का वातावरण रहा। अपने संबोधन में विधायक रेणुका सिंह ने कहा कि शिक्षा सशक्त समाज की आधारशिला है तथा बेटियों की शिक्षा में किया गया निवेश राष्ट के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करता है।

# संविदा भर्तियों में अनियमितता के आरोप

## पूर्व विधायक कमरो ने उच्च स्तरीय जांच की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज. मनेंद्रगढ़

पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव (महिला एवं बाल विकास विभाग) तथा कलेक्टर एमसीबी को स्मरण पत्र प्रेषित कर तत्कालीन जिला कार्यक्रम अधिकारी के कार्यकाल में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हुई संविदा भर्तियों में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। उन्होंने शिकायत एवं उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर पूरे मामले की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। पूर्व विधायक कमरो ने अपने पत्र में कहा है कि मिशन वात्सल्य के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई, किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति की संविदा भर्ती, मिशन वात्सल्य अंतर्गत चाइल्ड हेल्पलाइन की राज्य एवं जिला स्तरीय संविदा भर्ती, मिशन शक्ति के तहत महिला सशक्तिकरण केंद्र के संचालन के लिए की गई संविदा भर्ती, महिला संरक्षण अधिकारी की संविदा नियुक्ति तथा सखी वन स्टॉप सेंटर के संचालन हेतु सेवा प्रदाताओं की भर्ती प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं बरती गई हैं।



इन सभी मामलों की स्वतंत्र और उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग उन्होंने की है। गुलाब कमरो ने यह भी मांग की है कि यदि जांच में अनियमितताओं की पुष्टि होती है तो संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया को निरस्त कर पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से पुनः भर्ती कराई जाए। साथ ही भर्ती प्रक्रिया में दोषी पाए जाने वाले तत्कालीन नियुक्तिकर्ता अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक एवं दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी अनियमितताओं की पुनरावृत्ति न हो।

15 दिन में सुधार नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

# गैस पाइपलाइन कार्य से मनेन्द्रगढ़ की सड़कें बदहाल


हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ

जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में गैस पाइपलाइन बिछाने का कार्य पिछले लगभग छह माह से जारी है लेकिन निर्माण कार्य की धीमी गति और लापरवाही के कारण मनेन्द्रगढ़ की कई सड़कें बदहाल हो गई हैं वहीं खुदाई के दौरान बार-बार नगर की पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से जलापूर्ति व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है जिससे शहरवासियों को लगातार पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है।



एमसीबी जिला कांग्रेस प्रवक्ता और वार्ड क्रमांक 22 के पार्षद स्वप्निल सिन्हा ने जारी विज्ञप्ति में आरोप लगाया है कि गैस पाइपलाइन बिछाने वाली कंपनी ने सड़कों की खुदाई के बाद उनकी समुचित मरम्मत नहीं कराई है और ना ही सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किये हैं। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर निर्माण कार्य के दौरान लगातार जलापूर्ति पाइपलाइन को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है जिससे शहर के कई वार्डों में पानी की सप्लाई बार-बार बाधित हो रही है और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्वप्निल सिन्हा ने बताया कि शहर के अनेक हिस्सों में सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे, मिट्टी के ढेर तथा बरसात के कारण कीचड़ और पानी जमा है। कई स्थानों पर केवल औपचारिकता के तौर पर एक पीला बैरिकेड लगाकर छोड़ दिया गया है वहीं खुदाई के दौरान पेयजल पाइपलाइन टूट जाने से जलापूर्ति नियमित रूप से प्रभावित हो रही है जिससे नागरिकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को भी इन्हीं जोखिम भरे मार्गों से गुजरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि रात के समय गड्ढे दिखाई नहीं देने से दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है। कई बाइक चालक गिरकर घायल हो चुके हैं और वाहनों को भी नुकसान पहुंचा है। गड्ढों में जमा पानी और गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा भी उत्पन्न हो गया है। इसके अलावा सड़क की एक लेन बंद रहने से शहर में लगातार जाम की स्थिति बन रही है, जिससे लोगों का समय और ईंधन दोनों बर्बाद हो रहे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि पिछले छह महीनों से यही स्थिति बनी हुई है। कंपनी पाइपलाइन का कार्य तो कर रही है लेकिन सड़कों की मरम्मत, यातायात सुरक्षा और जलापूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाये रखने की जिम्मेदारी नहीं निभा रही है। उन्होंने कहा कि नागरिक टैक्स भी देते हैं और बदहाल सड़कों पर चलने के साथ-साथ पानी की समस्या भी झेलने को मजबूर हैं जबकि गैस कंपनी के साथ साथ शासन प्रशासन भी अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़े हुए हैं। स्वप्निल सिन्हा ने जिला प्रशासन और नगर पालिका से मांग की है कि 15 दिनों के भीतर शहर की सभी खोदी गई सड़कों की मरम्मत कर उन्हें आवागमन योग्य बनाया जाये साथ ही निर्माण कार्य के दौरान सभी स्थानों पर उचित बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेतक और वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411